# आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 5th रैंक

31 मई, 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग



## लंग केयर फाउंडेशन, इंस्टीट्यूट ऑफ चेस्ट सर्जरी और स्मार्ट सिटी ने कोविड पर किया वेबिनार।

लंग केअर, इंस्टीट्यूट ऑफ चेस्ट सर्जरी और स्मार्ट सिटी की ओर से कोविड पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर नवीन जैन ने किया। उन्होंने डॉ अरविंद और डॉ बिलाल का स्वागत करते हुए कहा कि मैं तहे दिल से डॉ अरविंद और डॉ बिलाल का साधुवाद करता हूँ, कि उन्होंने स्मार्ट सिटी के साथ आज की जरूरत विषय पर जानकारी दी। वेबिनार के दौरान कोविड से संबंधित 6 बिंदुओं पर चर्चा की। डॉ अरविंद ने बताया कि यह संक्रामक बीमारी है जो गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोनावायरस 2 (एसएआरएस–कोव –2) के कारण होती हैं, इसके लक्षण अलग अलग होते है। सीने में किसी भी तरह की परेशानी होने पर लापरवाही न बरतें। यदि संक्रमण की रिपोर्ट पॉजिटिव आती हैं, तो अपनी देखभाल इस तरह करें–हवादार कमरे में रहें, ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क एवं ज्यादातर तरल पदार्थों का प्रयोग करें, ऑक्सीजन लेबल को देखते रहें। पल्स ऑक्सिमिटर व वैक्सीनेशन के विषय में जानकारी दी। ग्रामीण परिवारों के बदलाव में चार कदम के बारे में बताया। वेबिनार में शहर के प्रबुद्ध लोगो ने प्रतिभाग किया। इस दौरान निखिल टीकाराम फुंडे, आनंद मेनन, ललित कुमार सहित अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

## मुख्यमंत्री बोले स्मार्ट सिटी कोविड कमांड सेंटर बहुत ही बैहतरीन।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब नगर निगम परिसर में बने आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कोविड कमांड कंट्रोल रूम में पहुंचे, तो वहाँ की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। डी एम प्रभु एन सिंह ने उन्हें जानकारी दी। बताया किस तरह से कोविड काल में हेल्प लाइन पर आने वाले कॉल्स के साथ लोगों को अस्पताल, ऑक्सीजन और बेड मुहैया कराए जा रहे हैं। सीएम व्यवस्थाओ को देखकर बोले बढ़िया है आपका स्मार्ट सिटी कोविड सेंटर। इससे पूर्व मेयर नवीन जैन ने सीएम का स्वागत किया। इस दौरान नगरायुक्त निखिल टीकाराम फुंडे, पीएमसी के आनंद मेनन तथा स्मार्ट सिटी के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कोविड कंट्रोल रूम के नंबर

सीएमओ कार्यालय– 0562–5600508, 0562–2600412
टीकाकरण सैंपलिंग होम आइसोलेशन
कोविड कंट्रोल रूम 0562 2551601
बेड, एम्बुलेंस, मरीजों की शिफ्टिंग, ऑक्सिजन की आपूर्ति, दवाओं के लिए।

## जिलाधिकारी स्मार्ट सिटी के कार्य जून तक पूरे कराने का रखा लक्ष्य।



आगरा स्मार्ट सिटी की ओर से फतेहाबाद रोड पर हो रहे यूटिलिटी डक्ट के कार्यों को लेकर जिलाधिकारी प्रभु एन सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यों के विषय में जानकारी ली। उन्होंने देव कंस्ट्रक्शन, आईएसपी और गणपति के ठेकेदारों को जल्द से जल्द काम खत्म करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य से संबंधित देव कंस्ट्रक्शन को 10 जून तक काम खत्म करने के निर्देश दिए हैं। वही गणपति को 6 जून तक और आईएसपी को 8 जून तक हर हाल में काम खत्म करने निर्देश दिए हैं। वही आगरा फोर्ट पर हो रहे काम में देरी का कारण लेबर की कमी बताई गई। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द से जल्द लेबर का इंतजाम कर कार्य को 15 जून तक देव कंस्ट्रक्शन पूरा करें अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जाएगी। वॉटर सप्लाई और पाइप लाइन के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पीडब्लूडी, वन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को भी संबंधित प्रोजेक्ट्स को लेकर दिशा निर्देश दिये। बैठक में स्मार्ट सिटी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा सचिव अनिल जैन ने स्मार्ट सिटी के कोविड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।



उन्होंने कहा कि कोविड काल के अलावा भी शहर की सुरक्षा और 2000 से ऊपर कैमरों की निगरानी बहुत ही बेहतर प्रयास हैं।

मई, 2021

आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 5th रैंक

31 मई, 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग





## तोरा से रमाडा तक डक्ट काम 80% पूरा।

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत फतेहाबाद रोड पर चल रहे डक्ट का काम 80 प्रतिशत पूरा हो गया। भले ही कोरोना काल में कार्य की गति धीमी रही, लेकिन काम लगभग पूरा हुआ।

### जागरूक संदेश

मास्क लगायें, बार–बार हाथ धोयें, सैनिटाईजर का प्रयोग करें तथा सोशल डिस्टैसिंग का पालन करें।

प्रोजेक्ट इंजीनियर संजय उपाध्याय ने जानकारी दी। उन्होंने बताया लगभग 20 प्रतिशत काम बाकी हैं, वो भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। जितनी लंबाई में काम हुआ हैं, उसकी सड़क बनाने का काम पीडब्लूडी को सौंप दिया हैं। पीडब्लूडी ने भी सड़क बनाना शुरू कर दिया हैं। आम जनता को अब आंधी या अन्य कारणों से होने वाली लाइन टूटने की समस्या से राहत मिलेगी। जून के अंतिम सप्ताह तक काम खत्म कर दिया जएगा। जल्द ही तोरा से रमाडा तक बेहतर तस्वीर दिखेगी

## सांसद एसपी सिंह बघेल ने कोविड कंट्रोल रूम का जायजा लिया।



उन्होंने कहा कि सेवाएं बेहतर चल रही हैं। पी0एम0सी0 के अधिकारियों से बात चीत कर उन्होने अपने सुझाव दिए। इसके साथ ही जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी हैं, उनको साधुवाद दिया। सांसद ने कहा कि ऐसे समय में हम सबको मिलकर काम करना हैं। हमें अपने शहर को कोरोना से बचाना हैं। इसके लिए आगरा स्मार्ट सिटी का कण्ट्रोल कमांड सिस्टम लोगो की मदद में सहायक बन रहा हैं।

## स्मार्ट सिटी के साथ मिलकर संभालेंगे शहर को: पूरन डावर।



कोरोना काल में स्मार्ट सिटी कंट्रोल कमांड केंद्र बेहतर काम कर रहा हैं, जो कि आज की जरूरत हैं। इसके साथ ही शहर की तस्वीर बदलने में भी भरकस प्रयास चल रहा हैं। फिर चाहे फसाड का काम हो या फिर फतेहाबाद रोड का सौंदर्यीकरण का काम। इनसे कही न कही शहर की तस्वीर बदली हैं। लेकिन हम नागरिकों का भी फर्ज हैं कि एबीडी क्षेत्र के अलावा जो इलाके बचते हैं, उन पर काम किया जाए, जिससे आगरा हर दृष्टिकोण से बेहतर बने। जल्द ही इसका प्रयास शुरू किया जाएगा।

## जीवनी मंडी से अम्बेडकर पुल तक काम पूरा, मिली जनता को राहत



स्मार्ट सिटी की ओर से जीवनी मंडी से अम्बेडकर पुल तक 1200 एमएम पाइप लाइन का कार्य समय से पहले पूर्ण कर लिया गया। इससे जनता को काफी राहत हैं। पाइप लाइन डालने के कारण खुदी सड़को का कार्य भी जल्द पूरा किया जाऐगा। वही शाहजहाँ पार्क से पुरानी मंडी तक का कार्य पूरा हो चुका हैं।




कोविड के लिए लोगो को जागरूक करने के लिए स्मार्ट सिटी ने विशेष वेबिनार के लिए शहर के लोगो को आमंत्रित किया। जीत जाएंगे हम बस जरूरत है जागरूकता की।

## ज्ञान श्रृंखला

कोविड काल में स्मार्ट सिटी की ओर से कंट्रोल कमांड रूम में जो सुविधाएं जरूरतमंदों को मिली हैं, वो काबिल ए तारीफ हैं। शहर के लिए गौरव की बात हैं, कि हमारे शहर में ऐसी विषम परिस्थितियों में जरूरतमंदो की सहायता हो सकी। स्वयं मुख्यमंत्री ने भी इसकी सराहना की। शहरवासियों का ये कर्तव्य बनता हैं, कि ऐसे कार्यों में सहयोग करें। स्मार्टसिटी के तहत जो कार्य किये जा रहे हैं। उसमें हम भी हिस्सा लेकर अपने शहर को बेहतर बनाने का प्रयास करें। हमारे जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी रहा हैं। आम जनता को भी सहयोग करने की आवश्यकता हैं।

नीलू धाकरे